1402 - इस्लाम में प्रवेश करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए प्रारंभिक बिंदु

प्रश्न

मैं जानना चाहता हूँ कि क्या सत्य धर्म इस्लाम में रूचि रखने वाले व्यक्ति के लिए कोई प्रारंभिक बिंदु है क्योंकि मुझे बहुत से अलग अलग उत्तर प्राप्त हुए हैं ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

जी हाँ, इसके लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है और वह शहादतैन (दो गवाहियों) का बोलना अर्थात् “ला इलाहा इल्लल्लाह” और “मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह” का इक़रार करना है। और आपके प्रश्न का यही एकमात्र उत्तर है। (और अधिक विस्तार के लिए वेबसाइट की सेवाएं, इस्लाम स्वीकार करना अनुभाग के अंतर्गत प्रश्नों विशेषकर प्रश्न संख्या : 378 देखें)।

इस धर्म में आपका स्वागत है, और जिस चीज़ की तरफ आप ध्यानमग्न हुए हैं उस पर आपको बधाई देते हैं। अल्लाह तआला आप को हर बुराई से बचाए।